# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा

## सेट परीक्षा 2023

## परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिज्ञासा समाधान पत्रक जारी

## साईट पर अपलोड भी

बाँसवाड़ा,23 जनवरी 2023|

राज्य में लगभग 10 साल बाद हो रही राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा का ज़िम्मा इस बार राज्य लोक सेवा आयोग के बजाय गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा को दिया गया है|राज्य पात्रता परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 12 जनवरी से शुरू हो गई है जो 12 फरवरी देर रात तक जारी रहेगी|इस बार विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु न केवल जिज्ञासा समाधान पत्रका जारी किया है बल्कि ऑफिस टाइम में एक हेल्प डेस्क को भी बनाया जो जो सभी प्रश्नों का जवाब देगी |

## जिज्ञासा समाधान पत्रक जारी

## साईट पर अपलोड भी

जीजीटीयू कुलपति प्रो आई वी त्रिवेदी ने बताया कि इस बार यूजीसी नेट एग्ज़ाम के भी साथ साथ फॉर्म भरे जा रहे हैं और राजस्थान के साथ साथ मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा भी राज्य पात्रता परीक्षा सेट के फॉर्म भी भरे जा रहे हैं|छात्रों की दुविधा को समझते हुए विश्वविद्यालय ने राजस्थान सेट के सम्बन्ध में एक जिज्ञासा समाधान पत्रक जारी किया है जो साईट पर भी अपलोड कर दिया गया है|

प्रमुख प्रश्न एवं जिज्ञासाएँ एवं उत्तर इस प्रकार हैं:-

1. फॉर्म कब से कब तक एवं कहाँ: सेट परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 12 जनवरी 2023 से दिनांक 11 फरवरी 2023** (रात्रि 11.59 बजे तक) वेबसाइट https://sso.rajasthan.gov.in/signin कर भरा जा सकता है

- कैसे आवेदन करें:स्वयं की SSO ID से G TO C विंडो में रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाकर | हैं।इसके अलावा विश्वविद्यालय की अधिकृत साईट पर भी SET EXAM विंडो में जाकर भी आवेदन करने की साईट पर जा सकते हैं|

**3 क्या ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवेदक के मार्गदर्शन के लिए कोई विस्तृत अनुदेश हैं?**

- जी हां, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए आवेदक को **"ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए उम्मीदवारों के लिए अनुदेश"** अवश्य देख लेना चाहिए जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.ggtu.ac.in/SET-Notificationsपर प्रदर्शित किया गया है।

**4. यदि पृष्ठ तक पहुंचने में अत्यधिक विलंब हो रहा हो, तो मुझे क्या करना चाहिए?**

- इंटरनेट स्पीड, एक ही समय पर आवेदन रजिस्टर करने का प्रयास करने वाले आवेदकों की अधिक संख्या, आदि जैसे विभिन्न कारणों से पृष्ठ तक पहुंचने में विलंब हो सकता है। इसलिए यदि आपको तत्काल ही रजिस्ट्रेशन हेतु पृष्ठ नहीं मिलता है तो कृपया कुछ समय बाद या व्यस्ततम समय के बाद पुन: प्रयास करें।

**5. क्या मुझे शुल्क का भुगतान करना होगा?**

जी हाँ,परीक्षा हेतु प्रत्येक संवर्ग हेतु शुल्क निर्धारित है |यदि आप शुल्क में छूट की श्रेणी, अर्थात आर्थिक पिछड़ा वर्ग ,अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर)/विशेष पिछड़ा वर्ग/ अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग वर्ग से संबंधित हैं, तो आपको निर्धारित आपके वर्ग अनुसार निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके लिए आप विस्तृत विज्ञापन को देखिए | **राजस्थान राज्य के बाहर के सभी अभ्यर्थी नियमानुसार सामान्य संवर्ग में ही गिने जाएँगे।**

-https://www.ggtu.ac.in/SET-Notifications

**6. ऑन लाइन आवेदन के लिए शुल्क के भुगतान की क्या प्रक्रिया है?**

- https://sso.rajasthan.gov.in/signin पर login करने के बाद जब आप आवेदन करेंगे,वहाँ आपको आपके द्वारा भरे गए आवेदन में आपकी श्रेणी (Category) केटेगरी के अनुसार निर्धारित शुल्क का online ही भुगतान करना होगा।

**7. मुझे ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे ?**

- हाँ जी,आपको निर्धारित मापदंड के अनुसार सुदृश्य फोटो (visible photo)और हस्ताक्षर को अपलोड करने होंगे । आवेदक यह सुनिश्चित कर लेवें कि आवेदन पत्र में उनके हस्ताक्षर और फोटो स्पष्ट हैं। आवेदक यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन पत्र में दर्ज हस्ताक्षर को ही,वे परीक्षा की उपस्थिति पत्र तथा विश्वविद्यालय के समस्त पत्र व्यवहार में करें । विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता ना होने पर पात्रता निरस्त की जा सकेगी।

**8. मैंने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। क्या आवेदन का प्रिंटआउट मुझे डाक/दस्ती(ByHand) द्वारा विश्वविद्यालय को भेजना चाहिए?**

- जी नहीं। आपको आवेदन का प्रिंट आउट डाक/दस्ती द्वारा विश्वविद्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, आप विश्वविद्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत करने के प्रमाण के रूप में अपने अंतिम रूप से प्रस्तुत किए गए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट रख लें।

**9. मुझे कैसे मालूम होगा कि मेरा ऑनलाइन आवेदन सेव हो गया है और परीक्षा आयोजक एजेंसी को ऑनलाइन प्राप्त हो गया है?**

- आपके आवेदन को अंतिम रूप से प्रस्तुत किया गया तब तक नहीं माना जाएगा जब तक कि आप online आवेदन को करने के बाद सफलतापूर्वक फीस का भुगतान नहीं कर लेते ।फीस भुगतान करने के बाद आवेदन पत्र पर फीस डिटेल अंकित होने के बाद आवेदन पत्र का प्रिंट अपने पास रख लें| कृपया विश्वविद्यालय के साथ भविष्य में किए जाने वाले सभी पत्र-व्यवहार के लिए यह ऑनलाइन आवेदन एक आवश्यक दस्तावेज रहेगा|

**10. अपने ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति पूर्ण करने के बाद मुझे कौन से विवरण अपने पास रखने चाहिए?**

- यह महत्त्वपूर्ण सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन को प्रस्तुत (सब्मिट) करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, आवेदक अपने द्वारा सब्मिट किए ऑनलाइन आवेदन का एक प्रिंटआउट अवश्य निकाल लें और इसे भविष्य में किए जाने वाले समस्त पत्र-व्यवहार के लिए अपने पास रखें। उम्मीदवार को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने द्वारा किए गए शुल्क के भुगतान का प्रमाण भी रखें। किसी प्रकार की विसंगति होने पर आयोजक एजेंसी द्वारा इसकी मांग की जा सकती है।

**11 क्या निर्धारित अंतिम तारीख अर्थात अंतिम तारीख को 23:59 बजे के बाद लिंक निष्क्रिय होने के बाद मैं अंतिम रूप से भरे गए अपने आवेदन का प्रिंटआउट निकाल सकता/सकती हूं?**

- निर्धारित अंतिम तारीख के बाद से ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट https://sso.rajasthan.gov.in/sign in से लिया जा सकता है।

**13. इस सेट फॉर्म में गलती हो गई तो सुधार कैसे करें?**

- फॉर्म जमा होने के बाद विश्वविद्यालय करेक्शन विंडो ओपन करता है,उस दौरान आप अपने सेट परीक्षा फॉर्म में सुधार कर सकते हैं,हालाँकि हर डीटेल बदलने की अनुमति नहीं होगी। इसलिए पहली बार में ही SET Exam Form ध्यान से भरें।आपके द्वारा आवेदित विषय में परिवर्तन नहीं होगा|यदि आपको किसी और अन्य विषय में भी आवेदन करना हो तो अलग से पुनः आवेदन करें|

**14. क्या मैं स्वयं अपने कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता हूं?**

- जी हाँ,आप स्वयं घर बैठे कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से या साइबर कैफे से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**15. क्या मैं ई मित्र से आवेदन कर सकता हूं?**

- जी हाँ,आप ई-मित्र से आवेदन कर सकते हैं।

16 **आवेदन करते समय मुझे कोई समस्या आई तो मैं कहां संपर्क कर सकता हूं,अर्थात परीक्षा से संबंधित विश्वविद्यालय के हेल्पलाइन नंबर क्या है?**

- निम्न हेल्प लाइन नंबर : 7357477123 एवं 7357498123 पर कार्यालय समय (प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य,कार्य दिवस में) संपर्क किया जा सकता हैं।

**18.गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की अधिकृत ईमेल आईडी कौन सी है? जिस पर यदि मैं अपनी समस्या से संबंधित कोई ईमेल करूं तो उसका प्रत्युत्तर मुझे अधिकृत रूप से प्राप्त हो सके।**

सेट परीक्षा से संबंधित अधिकृत ईमेल आई डी *setexam2022.ggtu@gmail.com* हैं।

**19. क्या मैं अपने पूर्ण रूप से भरे गए ऑनलाइन आवेदन को निरस्त या वापस (withdraw) कर सकता हूँ ?**

- नहीं,आप आवेदन को निरस्त या वापस (withdraw) नहीं कर सकते और न ही आपकी फीस वापस लौटाई जा सकेगी ।

**20. यदि अभ्यर्थी सेट परीक्षा से संबंधित कोई पत्राचार करना चाहे तो कार्यालय का डाक पता क्या हैं ?**

- SET EXAM प्रकोष्ठ,गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,गाँव -बड़वी,माही ड़ेम रोड जिला -बांसवाड़ा (राज.) पिन कोड 327001

## पात्रता एवं परीक्षा सम्बन्धी प्रश्न

**1 मेरा पीजी विषय बॉटनी/जूलोजी है|मुझे कौनसे विषय में आवेदन करना है ?**

- लाइफ साइंस

**2. परीक्षा में पेपर किस माध्यम में होंगे ?**

- सभी प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी)में होंगे |केवल भाषा विषय (हिंदी,अंग्रेजी,संस्कृत एवं उर्दू )के प्रश्न पत्र सम्बंधित भाषा की लिपि में ही होंगे|

**3. मैं कितने विषयों में आवेदन कर सकता हूँ?**

- **आप एक से अधिक विषय में आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं|किन्तु सभी विषयों की परीक्षाएँ एक ही दिन एक ही समय पर आयोजित हो रही हैं अतः आप अपनी प्राथमिकता से ही आवेदन करें|**

**4. कौनसी परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं ?**

- स्नातकोत्तर विषय में उत्तीर्ण/पीजी फाइनल/तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर में प्रविष्ट विद्यार्थी ही आवेदन का सकते हैं|

5. **अर्हता एवं आवेदन करने हेतु आरक्षित वर्ग हेतु क्या प्रावधान हैं?**

- **परीक्षा में पात्रता,अर्हता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी निर्देश ही अंतिम एवं प्रभावी होंगें**|आवेदन में शुल्क में रियायत राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर) ,विशेष पिछड़ा वर्ग,EWS एवं दिव्यांग श्रेणी को ही देय होंगी

6. **सेट परीक्षा के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या हैं ?**

- अभ्यर्थी,केंद्रीय अधिनियम या राज्य अधिनियम द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थान या विश्वविद्यालय अनुदान विश्वविद्यालय ,1956 (अधिसूचना क्रमांक 3 सन 1956) के अधीन विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अथवा स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष/स्नातकोत्तर तृतीय/स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर में अध्यनरत होने पर पात्र होगा ।
- अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु स्नातकोत्तर उपाधि में न्यूनतम 55% अंक तथा आरक्षित श्रेणी (केवल राजस्थान के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर),विशेष पिछड़ा वर्ग तथा नि:शक्त अभ्यर्थियों ) हेतु 50% अंक होना आवश्यक है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष/स्नातकोत्तर तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर में अध्यनरत हैं तथा जिनका स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है अथवा स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष/स्नातकोत्तर तृतीय/स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम प्रतीक्षारत है,वे सभी अभ्यर्थी प्रावधिक रूप से परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र हैं।
- उक्त अभ्यर्थियों के परीक्षा में पात्र होने पर भी अर्हता प्रमाण पत्र तभी देय एवं मान्य होगा,जब सेट परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि के आगामी दो वर्ष में अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु स्नातकोत्तर उपाधि में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक तथा आरक्षित श्रेणी के (केवल राजस्थान के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर),विशेष पिछड़ा वर्ग तथा नि:शक्त अभ्यर्थियों ) को न्यूनतम 50% अंक अर्जित करने के अभिलेख उनके द्वारा विश्वविद्यालय के सेट प्रकोष्ठ में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। अन्यथा उन्हें अपात्र घोषित किया जाएगा **। यह प्रतिशत पूर्ण रूप से ही अनिवार्य है,राउंड ऑफ में नहीं|अर्थात 55% मान्य एवं विधिक है|54.99 का राउंड ऑफ 55%नियम रूप से अस्वीकार्य है|**
- ऐसे पीएच.डी. उपाधि धारक अभ्यर्थी जिनकी स्नातकोत्तर की परीक्षा 19 सितंबर, 1991 तक पूर्ण हो चुकी है। उन्हे शैक्षणिक अर्हता में 5% की छूट (55 प्रतिशत से 50 प्रतिशत) देय होगी। ( The Ph.D. degree holders whose Masters

level examination had been completed by 19th September, 1991 (irrespective of date of declaration of result) shall be eligible for a relaxation of 5% in aggregate marks (i.e., from 55% to 50%) for appearing in SET.)

- ऐसे अभ्यर्थी भी पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे जिनके पास भारत के किसी भी विश्वविद्यालय से या विदेश के किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिप्लोमा या प्रमाण पत्र हो किंतु उन्हें एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से यह प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रकोष्ठ को प्रदान करना होगा कि उन्हें प्राप्त डिग्री या डिप्लोमा भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्नातकोत्तर उपाधि के समकक्ष है।

7. **सेट परीक्षा योजना क्या होगी ?**

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के नवीन निर्देशों के परिपालना में परीक्षा योजना निम्नानुसार आयोजित की जाएगी:-
- राज्य पात्रता परीक्षा "सेट 2023" में कुल दो प्रश्न पत्र होंगे ।
  1. **प्रथम प्रश्न पत्र (**अनिवार्य):- सामान्य प्रश्न पत्र शिक्षण एवं शोध अभिवृत्ति (Teaching and Research Attitude) बहु विकल्पात्मक वस्तुनिष्ठ प्रकार ( Multiple Choice Objective Type Question) का प्रश्न पत्र होगा जिसमें कुल 50 (पचास) प्रश्न होंगे । अभ्यर्थी को सभी प्रश्न हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 (दो) अंकों का होगा । प्रथम प्रश्न पत्र कुल 100 (सौ) अंकों का होगा एवं परीक्षा अवधि 1 (एक) घंटा होगी ।
  2. **द्वितीय प्रश्न पत्र** :- चयनित (ऐच्छिक) विषय का होगा। द्वितीय प्रश्न पत्र में कुल 100 (सौ) प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 (दो) अंकों का होगा। प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम अनुसार पूर्णतया वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा । जिसमें बहु विकल्पात्मक वस्तुनिष्ठ प्रकार ( Multiple Choice Objective Type Question) बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। द्वितीय प्रश्न पत्र कुल 200 (दो सौ) अंकों का होगा एवं परीक्षा अवधि 2 (दो) घंटा होगी।

**परीक्षा सत्र की समय अवधि (दोनों प्रश्न पत्र की मिलाकर)बिना अंतराल के 3 घंटा होगी ।परीक्षार्थी को एक ही सत्र में दोनों प्रश्न पत्र हल करने होंगें|**

| प्रश्न पत्र | पूर्णांक | प्रश्नों की संख्या | परीक्षा अवधि |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 100 | 50 प्रश्न,सभी अनिवार्य | 1 घंटा (60 मिनट) |
| द्वितीय | 200 | 100 प्रश्न,सभी अनिवार्य | 2 घंटा (120 मिनट) |

**8. सेट परीक्षा ऑफ लाइन या ऑफ लाइन होगी ?**

- यह परीक्षा ऑफ लाइन होगी ।

**9. सेट परीक्षा का पाठ्यक्रम क्या होगा और कहाँ से उपलब्ध होगा ?**

- सेट परीक्षा का पाठ्यक्रम यूजीसी नेट/CSIR-NET के अनुसार ही होगा,परीक्षा के पाठ्यक्रम का लिंक विस्तृत विज्ञापन में दिया गया हैं।

**10. सेट परीक्षा का आयोजन कब किया जाएगा ?**

- सेट परीक्षा 19 मार्च 2023 को प्रस्तावित हैं।

**11. क्या सेट परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) होगा ?**

- सेट एग्ज़ाम में गलत जवाब देने पर आपके अंक नहीं काटे जाते हैं,अर्थात ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) नहीं है।

**13. सेट परीक्षा के लिए उम्र सीमा क्या है?**

- सेट परीक्षा मे कोई अधिकतम उम्र सीमा नहीं है।

**14 क्या सेट आंसर-शीट की पुनः मूल्यांकन /Re Evaluation का कोई प्रावधान है?**

- सेट परीक्षा में ऐसा नहीं है, न आप आंसर शीट रीचेक करा सकते हैं, न ही रिजल्ट का रिवैल्युएशन करा सकते हैं।

15 यदि उक्त परीक्षा में आए किन्ही प्रश्नों के उत्तर में कोई आपत्ति है तो क्या करना होगा ?

- आयोजक संस्था द्वारा परीक्षा उपरांत प्रत्येक प्रश्न-पत्र की अंतरिम उत्तर तालिका ऑनलाइन (अधिकृत वेब साईट पर) प्रकाशित की जाएगी एवं अभ्यर्थियों से उत्तर तालिका से सम्बन्ध में परिवेदनाओं को सशुल्क आमंत्रित किया जाएगा|अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि में निर्धारित फॉर्मेट में सप्रमाण अपना पक्ष ऑनलाइन(मेल पर) रखने की प्रक्रिया निर्धारित है|

**23. क्या सेट परीक्षा,एक पात्रता परीक्षा हैं ?**

- जी हाँ,सेट परीक्षा एक पात्रता परीक्षा हैं ।

**24. मुझे परीक्षा केंद्रों का आवंटन कब होगा एवं परीक्षा केंद्र कहाँ होंगे ?**

- परीक्षा तिथि के तीन दिन पूर्व प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा|उक्त परीक्षा को प्राथमिकता से संभाग मुख्यालयों (अजमेर,भरतपुर,बीकानेर,जयपुर,जोधपुर,कोटा एवं उदयपुर)पर कराने की योजना है|

**25. परीक्षा केंद्र पर मेरे कौन-कौन से दस्तावेज प्रवेश हेतु मान्य होंगे ?**

- परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ निम्नानुसार फोटो युक्त पहचान पत्र: पासपोर्ट,मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस,आधार कार्ड, प्रस्तुत:करने तथा उसे पहचान की पुष्टि होने के पश्चात परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी|

- 26 किस विषय से पीजी करने पर SET में किस विषय में आवेदन किया जा सकता है|
  जिस विषय में पीजी है उसी विषय से सेट परीक्षा हेतु आवेदन किया जा सकता है|कुछ ऐसे विषय हैं जिनमे सेट परीक्षा विषय लेने में संशय है,उनकी सूची इस प्रकार है:-

| क्रम | पीजी विषय | SET विषय |
|---|---|---|
| 1 | Physical Education | Physical Education |
| 2 | ABST/EAFM/BUSINES ADMINISTRATION | COMMERCE |
| 3 | SANSKRIT<br>(SANSKRIT ASTROLOGY/SANSKRIT ORIENTAL/SANSKRIT LITERATURE/SANSKRIT GRAMMAR ARE CONSIDERED IN SANSKRIT TRADITIONAL SUBJECTS SO THEY ARE PROHIBITED IN THIS SET EXAM) | SANSKRIT |
| 4 | CHEMISTRY/ORGANIC CHEMISTRY/PHYSICAL CHEMISTRY/APPLIED CHEMISTRY/ENVIRONMENT CHEMISTRY/PHARMACEUTICAL CHEMISTRY/INORGANIC CHEMISTRY/INDUSTRIAL CHEMISTRY/ANALYTICAL CHEMISTRY | CHEMISTRY |
| 5 | BOTANY/<br>ZOOLOGY/<br>BIO CHEMISTRY/<br>MICROBIOLOGY/<br>BIOTECHNOLOGY/<br>BIOSCIENCE/<br>ENVIRONMENTAL SCIENCE/<br>BIOINFORMATIC SCIENCE/<br>FISHERIES/<br>AQUCULTURE/<br>LIMNOLOGY/<br>ENTOMOLOGY/<br>GESETICS/<br>GESETIC ENGINEERING/ | LIFE SCIENCE |

| | | |
|---|---|---|
| | LIFE SCIENCE/<br>INDUSTRIAL MICROBIOLOGY/<br>SEED TECHNOLOGY | |
| 7 | MATHEMATICS/<br>COMPUTATIONAL MATHEMATICS/<br>APPLIED MATHEMATICS/<br>INDUSTRIAL MATHEMATICS/<br>MATHEMATICAL SCIENCE | MATHEMATICS |
| 9 | PHYSICS/<br>APPLIED PHYSICS/<br>MATERIAL PHYSICS/<br>ELECTRONICS | PHYSICAL SCIENCE |

2.